# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र0 2 डबरा जिला ग्वालियर

पत्र क्र 2748/तक/2018 डबरा दिनांक 22/11/2018

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी
हरसी उच्च स्तरीय नहर उपसंभाग क.4
ग्वालियर (म.प्र.)

विषय : सिंध नदी पर सेंवढ़ा के पास प्रस्तावित सिंध (सेंवढ़ा) बेराज (मां रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना) के निर्माण हेतु डूब में आ रही वन भूमि की मांग का प्रस्ताव– 1211.90 हेक्टेयर (FP/MP/IRRIG/36799/2018)

– – –

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशित किया जाता है कि मां. रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र में जिला ग्वालियर एवं दतिया की वन भूमि प्रभावित हो रही है जिसका ऑनलाइन प्रस्ताव 1211.90 हेक्टेयर का FP/MP/IRRIG/36799/2018 प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन भू. अभिलेख) म.प्र. भोपाल द्वारा परीक्षण उपरांत वन मण्डलाधिकारी ग्वालियर को 298 हेक्टेयर एवं वन मण्डलाधिकारी दतिया को 913.90 हेक्टेयर का प्रस्ताव परीक्षण हेतु प्रेषित किया गया है, इस प्रस्ताव का वन विभाग, राजस्व विभाग के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाना है। उक्त कार्य हेतु निम्नानुसार दल का गठन किया जाता है :–

1. मे. एल एण्ड टी जियो स्ट्रक्चर्स, चेन्नई की सर्वेक्षण टीम
2. श्री एस.सी. नावला, अनुविभागीय अधिकारी, हरसी उच्च स्तरीय नहर उपसंभाग क.4 ग्वालियर
3. श्री आर.एस. चौहान, उपयंत्री, हरसी उच्च स्तरीय नहर उपसंभाग क.4 ग्वालियर
4. श्री आर.सी. सिंघल, उपयंत्री, हरसी उच्च स्तरीय नहर उपसंभाग क.4 ग्वालियर

क्रमशः.........2



Scanned by CamScanner

उपरोक्तानुसार गठित दल द्वारा सर्वेक्षण कार्य संपादित कराया जाएगा एवं वनमण्डलाधिकारी दतिया एवं ग्वालियर द्वारा गठित दल को भी साथ में रखकर मौके पर सत्यापन कराना है।

यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें।

कार्यपालन यंत्री
हर्सी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र.02
डबरा जिला–ग्वालियर

डबरा दिनांक 22/11/2018

पृ. क्र 3748/तक/2018

प्रतिलिपि–

1. मुख्य अभियंता, राजघाट नहर परियोजना दतिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण यंत्री, सिंध परियोजना नहर मण्डल, शिवपुरी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य वन मण्डल) जिला दतिया की ओर आपके पत्र क. मा.चि./3913 दतिया दिनांक 13.11.2018 के कम में सूचनार्थ प्रेषित कर अनुरोध है कि आपके द्वारा गठित दल को मौके पर सत्यापन करने हेतु निर्देशित करें।
4. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य वन मण्डल) जिला ग्वालियर की ओर आपके पत्र क. मा.चि./9131 ग्वालियर दिनांक 27.10.2018 के कम में सूचनार्थ प्रेषित कर अनुरोध है कि आपके द्वारा गठित दल को मौके पर सत्यापन करने हेतु निर्देशित करें।
5. मे. एल एण्ड टी जियो स्ट्रक्चर्स, चेन्नई/हाल केम्प–सेंवढ़ा को निर्देशित किया जाता है कि सर्वेक्षण टीम को नियमित रूप से अनुविभागीय अधिकारी, हरसी उच्च स्तरीय नहर उपसंभाग क.4 ग्वालियर के निर्देशन में कार्य योजना बनाकर वन विभाग एवं राजस्व विभाग के दल के साथ एफ.आर.एल. लाइन लगाने हेतु सर्वेक्षण कार्य करायें जिससे योजना में प्रभावित वन, राजस्व, निजी भूमि का आंकलन कर संबंधित विभाग से सत्यापन कराया जा सके।

कार्यपालन यंत्री
हर्सी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र.02
डबरा जिला–ग्वालियर



Scanned by CamScanner